an>

Title: Need to open a medical college, an agricultural college and an engineering college in Allahabad University.

श्री केशव प्रसाद मौर्य (फूलपुर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं देश के सबसे बड़े प्रदेश के सबसे बड़े जिले इलाहाबाद और देशहित में सबसे अधिक योगदान देने वाला इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संबंध में दो निवेदन करना चाहता हूं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पास न अपना मेडिकल कॉलेज है, न ही एग्रीकल्चर कॉलेज है, न इंजीनियरिंग कॉलेज है जबकि यह केन्द्रीय विश्वविद्यालय है, मैं तीनों कॉलेजों को खोलने की मांग करता हूं। साथ ही उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा जिला होने के बावजूद वहां एक ही नवोदय विद्यालय है जिससे वहां गरीब बच्चों को शिक्षा में सहभागिता नहीं मिल पाती है इसलिए एक और नवोदय विद्यालय वहां खोला जाना चाहिए।

माननीय उपाध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री हरीशचन्द्र उर्फ हरीश द्विवेदी,

श्री कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल और

श्री शरद त्रिपाठी को श्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।